भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं .676**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर दुर्घटनाएं**

676. श्री दुलू महतो:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि गोविंदपुर से महुदा मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग-18 को जोड़ने वाले चौराहे तक राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के खंड सहित पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-32 का एक हिस्सा रखरखाव की कमी के कारण सड़क दुर्घटनाओं और जाम का सामना कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या इन खंडों के रखरखाव संबंधी मुद्दों का समाधान करने और उनकी दशा में सुधार करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो सुरक्षित और कुशल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन सड़कों पर रखरखाव कार्य शुरू करने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) गोविंदपुर से महुदा मोड़ पर रारा-18 को जोड़ने वाले जंक्शन तक का खंड अब राष्ट्रीय राजमार्ग का भाग नहीं है, क्योंकि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा रारा-18 के विकास के दौरान इस खंड को महुदा मोड़ से राजगंज (एनएच-19 पर) तक बाईपास कर दिया गया है। तथापि, झारखंड सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गोविंदपुर से महुदा मोड़ तक के खंड को झारखंड सरकार ने अपनी निधि से चार लेन का बना दिया है और इसे यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जा रहा है। रखरखाव की कमी के कारण किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है। भीड़भाड़ को कम करने के लिए, यह भी बताया गया है कि राज्य सरकार ने 12 किलोमीटर (गया पुल) पर आरयूबी अंडरपास पर अतिरिक्त निकास (वेंट) के लिए कार्य को मंज़ूरी दे दी है।

****